प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मुख्यमंत्री

आम लोगों से सीधा संवाद स्थापिंत करने और प्रदेश सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों के कार्यन्वयन का धरातल पर आकलन करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू फिल्ड में उतरेंगे। मुख्यमंत्री प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में रह रहे प्रदेशवासियों के घर–द्वार पहुंचकर उनके साथ वक्त बिताएंगे और उनकी आशाओं और आकांक्षाओं को जानने और समझने का प्रयास करेंगे। इस मुहीम के तहत मुख्यमंत्री 26 अक्तूबर को जिला शिमला के दूरदराज क्षेत्र डोडरा–क्वार से सरकार की इस पहल की शुरूआत करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय से मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों को भी इस संबंध में दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं कि वे ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करें और लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करें। इस बीच मुख्यमंत्री का आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मिलने का भी कार्यक्रम है।

आपदा टीम

हिमाचल में इस साल बरसात से हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए आठ सदस्यीय केंद्रीय टीम तीन दिवसीय दौरे पर हिमाचल पहुंची है। इस दौरान टीम के सदस्य मंडी, कुल्लू और शिमला जिलों का दौरा कर अपनी रिपोर्ट तैयार करेंगे, जिसे बाद में केंद्र सरकार को सौंपा जाएगा। टीम के सदस्य आज पहले दिन मंडी जिले के विभिन्न आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद टीम कुल्लू जिला का दौरा करेगी। शुक्रवार को यह टीम शिमला जिला के रामपुर में समेज गांव जाएगी जहां पर प्राकृतिक आपदा के चलते भारी नुकसान हुआ है। बादल फटने से यहां पर पूरा गांव बह गया था, जिसमें कई लोगों को मौत हुई थी और कई अभी भी लापता हैं। शनिवार को टीम के सदस्य शिमला पहुंचेंगे और मुख्य सचिव के साथ बैठक करेंगे।

हषवर्धन चौहान

हाटी विकास मंच के प्रतिनिधिमंडल ने कल उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान और महाधिवक्ता अनुप रत्न से एक संयुक्त बैठक की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में हाटी समुदाय को अनुसूचति जनजाति का दर्जा जल्द लागू करने को लेकर अपनी बात रखी। राष्ट्रपति की ओर से अधिसूचना जारी होने के बाद मामला हाई कोर्ट पहुंचने से क्षेत्रवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस बैठक में हाटी समुदाय को अनुसुचित जनजाति का दर्जा जल्द लागू करने की मांग की। मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति दर्जा देने को लेकर सरकार का पक्ष साफ है। उन्होंने कहा कि केंद्र जैसे इस मामले में अपना स्पष्टीकरण देता है साथ ही हाई कोर्ट से मामले पर फैसला आता है सरकार 24 घंटे के भीतर इसको लागू करेगी। वहीं महाधिवक्ता अनूप रतन ने कहा कि अपनी दलीलों के जरिए जल्द से जल्द इस मामले का निपटारा करने का प्रयास करेंगे।

नरदेव सिंह

प्रदेश भवन व अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम निदेशक प्रदीप कुमार झेना से भेंट की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कल्याण बोर्ड विभिन्न माध्यमों से छूट के मामले को ध्यान में ला रहा है लेकिन कई बार अनुरोध के बावजूद, वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग और केंद्रीय बोर्ड से कल्याण बोर्ड को स्वीकार्य छूट का अब तक इंतजार है। नरदेव कंवर ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के प्राधिकारियों को प्रदेश के अनुरोध पर कार्यवाही करने का आग्रह किया। प्रदीप कुमार झेना ने सभी मामलों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 27 अक्तूबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की अंतिम तिथि 25 अक्तूबर है। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दैनिक भास्कर की सुर्खी है बिजली बोर्ड कर्मचारी संघ की सराकर के साथ हुई बैठक बेनतीजा, ज्वाइंट फ्रंट आज बनाएंगे आगामी रणनीति। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं बिजली बोर्ड का बॉस होगा सीएमडी–कैबिनेट सब कमिटी की सिफारिश–ब्यूरोक्रेट नहीं टेक्नोक्रेट हो मुखिया।